दिनांक–06.10.2023 समय–7.10एएम

आकाशवाणी भोपाल

मुख्य समाचार....

- प्रदेश का सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम, स्टार्टअप और कलस्टर विकास इको सिस्टम देश में बेहतर।
- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया श्री महाकाल महालोक के द्वितीय चरण का लोकार्पण।
- देश प्रदेश में स्वच्छता अभियान की तीसरा चरण जारी।
- खेलो एम पी यूथ गेम्स का समारोहपूर्वक समापन। इंदौर ने किया शानदार प्रदर्शन।

स्टार्टअप और कलस्टर विकास

भारत सरकार के एमएसएमई सचिव एस सी एल दास ने मध्यप्रदेश के सूक्ष्म,लघु,मध्यम उद्यम,स्टार्टअप और कलस्टर विकास के इको सिस्टम की तारीफ की। उन्होंने अपेक्षा की है कि मध्यप्रदेश पी एम विश्वकर्मा और महिला उद्यमी योजनाओ में भी लक्ष्य पूर्ति में अग्रणी भूमिका निभाएगा। श्री दास कल सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम, स्टार्टअप और कलस्टर विकास संबंधी गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में कुटीर उद्योग और रोजगार विभाग, वाणिज्य कर और उद्योग विभाग सहित सिडबी, लीड बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में सचिव श्री दास ने मध्यप्रदेश के 11 कलस्टर के लिए केंद्र सरकार के अंश की शीघ्र पूर्ति करने,और हथकरघा तथा हेण्डलम के लिए भी राज्य की मांग के अनुरूप राशि उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया। श्री दास ने कहा कि छोटे उद्योगों के साथ स्टार्टअप और हेंडलम तथा हथकरघा में महिला उद्यमियों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

हार्टिकल्चर कॉलेज–मुरैना

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने मुरैना जिले में हार्टिकल्चर कॉलेज खोलने की मंजूरी दे दी है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा मुरैना जिले की तहसील पोरसा, में लगभग 300 एकड़ भूमि का आवंटन भी कर दिया गया है। इस कॉलेज की स्थापना पर करीब 160 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिसका वहन केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा। इस अंचल में यह कॉलेज अपनी तरह का पहला कॉलेज होगा। इसमें स्नातक स्तर की पढ़ाई होगी, जिसमें फल विज्ञान, सब्जी विज्ञान, फूलों की खेती और भू–निर्माण, पौध संरक्षण, सामाजिक विज्ञान, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, बुनियादी विज्ञान आदि जैसे विभिन्न विभाग होंगे। इस कॉलेज के माध्यम से हार्टिकल्चर संबंधी अनुसंधान कार्यों को भी गति मिलेगी। साथ ही, नए रोजगार भी सृजित होंगे और क्षेत्र के किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी यह कॉलेज सहायक होगा।

महाकाल महालोक

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल उज्जैन में श्री महाकाल महालोक के द्वितीय चरण के कार्यों का लोकार्पण किया। लगभग 242 करोड़ 35 लाख रुपए लागत के द्वितीय चरण के लोकार्पण से अब महाकाल मंदिर का परिसर 2.87 हेक्टेयर से बढ़कर 47 हेक्टयर हो गया है। श्री महाकाल महाराज मंदिर परिसर के विस्तार योजना 856 करोड़ रुपए से अधिक की है। इस परियोजना के प्रथम चरण में 351 करोड़ रुपए के कार्यों को रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया है। मुख्यमंत्री ने 284 करोड़ रुपए की लागत के यूनिटी मॉल और 250 करोड़ रुपए की लागत के मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन भी किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्री महाकाल की कृपा से उज्जैन में विकास कार्यों के लिये तीन हजार करोड़ रुपए अलग से आ रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान को अखाड़ा परिषद की ओर से सनातन गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

चंदेरी महोत्सव

इंडियन आइडियल फेम एवं बालीवुड सिंगर हेमंत बृजवासी की संगीतमय प्रस्तुति के साथ कल चंदेरी महोत्सव का आगाज हुआ। चंदेरी महोत्सव के शुरुआत में पांच दिनों तक लोक कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसमें विख्यात कालाकारों द्वारा लाइव संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ

ही रोमांचित करने वाली साहसिक गतिविधियां भी होंगी। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि चंदेरी देश और दुनिया में चंदेरी साड़ियों एवं हथकरघा के रूप में विख्यात है और चंदेरी महोत्सव के आयोजन से यह एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में भी उभरेगा। स्थानीय समुदाय की भागीदारी से रोजगार सृजित होंगे साथ ही देशभर में चंदेरी एवं बुंदेलखंड की लोक–संस्कृति भी प्रचारित होगी। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा सनसेट डेजर्ट कैम्प के सहयोग से चंदेरी महोत्सव के पहले संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। चंदेरी महोत्सव में 3 माह तक लक्ज़री टेंट सिटी का संचालन होगा। चंदेरी साड़ियों के लिये विख्यात चंदेरी शहर अब चंदेरी महोत्सव के जरिये देश–दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाएगा। इस महोत्सव के आयोजन से चंदेरी की समृद्ध संस्कृति पूरे देश और दुनिया के सामने आएगी।

स्वच्छता अभियान–तीसरा चरण

सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता बढ़ाने और कार्यस्थल की क्षमता बेहतर बनाने के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के विशेष स्वच्छता अभियान का तीसरा चरण जोरों पर है। अभियान का आरंभिक चरण 15 सितंबर को आरंभ हुआ था जिसमें लक्ष्यों की पहचान की गई। मुख्य अभियान 2 अक्टूबर से आरंभ हुआ जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने मुख्य सचिवालय और अधीनस्थ कार्यालयों में विशेष अभियान आरंभ किया है। आरंभिक चरण में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के दिशा निर्देशों के अनुसार लक्ष्य निर्धारित किए गए। यह अभियान कार्य स्थल और आस–पास का क्षेत्र साफ सुथरा रखने और जनता में स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करने तथा कार्यालयों में सर्वोत्तम परंपरा के पालन पर केंद्रित है। इसी प्रकार के अभियान संसदीय कार्य विभाग, रक्षा विभाग, विमानन विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग सहित अन्य विभागों में भी चलाए जा रहे हैं।

मदरसा बोर्ड

राज्य मदरसा बोर्ड द्वारा शिक्षा सत्र 2023–24 में मदरसा मान्यता नवीनीकरण के ऑनलाईन आवेदन करने की सुविधा पुनः प्रारंभ करते हुये अधिकृत पोर्टल पर 05 से 14 अक्टूबर तक के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। वर्ष 2021 तक मान्यता प्राप्त मदरसों के लिए यह अंतिम अवसर है, इसके पश्चात ऐसे मदरसों की मान्यता नवीनीकरण के ऑनलाईन आवेदन करने की पात्रता समाप्त कर दी जायेगी।

प्रधानमंत्री –एशियाई खेल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई खेल–2022 में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने अभिषेक वर्मा, ओजस प्रवीण देवतले और प्रथमेश जावकर की पुरुष टीम को कंपाउंड तीरंदाज़ी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी। उन्होंने इसे उत्कृष्ट प्रदर्शन बताया। उन्होंने टीम को भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए भी शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री ने महिला तीरंदाजी कंपाउंड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति गोपीचंद की टीम को भी बधाई दी।

क्रिकेट–विश्व कप

आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में आज हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान और नीदरलैंड के बीच मुकाबला होगा। इसके पहले कल आरंभिक मैच में न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 9 विकेट से हरा दिया। अहमदाबाद के मोटेरा स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाज़ी कर जीत के लिए 283 रन का लक्ष्य दिया जिसे न्यूजीलैंड ने 36 ओवर और दो गेंदो में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया।

खेलो एमपी यूथ गेम्स

खेलो एमपी यूथ गेम्स–2023 का समापन कल समरोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में हुए समापन समारोह में अपर मुख्य सचिव गृह राजेश राजौरा ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश एक ऐसा राज्य बनकर उभरा है, जहाँ पर विकासखंड स्तर से लेकर जिला संभाग और राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिसमें लगभग एक लाख खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स और आईएसएसएफ़ वर्ल्ड कप शूटिंग प्रतियोगिता की सफलता ने मध्यप्रदेश को एक नये मुक़ाम पर पहुँचा दिया है। पहले खेलो एमपी यूथ गेम्स में इंदौर ज़िले ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप की ट्रॉफ़ी अपने नाम की। इंदौर 42 स्वर्ण, 32 रजत और 24 कांस्य सहित कुल 98 पदक लेकर पहले स्थान पर रहा। जबलपुर 24 स्वर्ण, 27 रजत और 35 कांस्य पदक, कुल 86 पदक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। भोपाल 24 स्वर्ण, 27 रजत और 35 कांस्य पदक लेकर कुल 77 पदक के साथ तीसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अन्तर्गत पंजीकृत लाडली बहनों को 450 रुपए में गैस रिफिल हेतु राज्य अनुदान की राशि का अंतरण भोपाल से सिंगल क्लिक के माध्यम से करेंगे।
- अशोकनगर में आज पतंजलि योग समिति हरिद्वार के योगाचार्य स्वामी डाक्टर परमार्थ देव द्वारा एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन स्थानीय तुलसी पार्क पर किया जाएगा।
- सतना जिले से अलग होकर बने मैहर जिला की अमरपाटन तहसील में नये शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना की जाएगी।
- मुरैना जिले के स्कूली विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिये ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली 100 स्कूलों में प्रारंभ की गई है। इन स्कूलों के प्राचार्यों को सम्मानित कर डिजिटल शिक्षा प्रणाली का लोकार्पण केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने किया।
- बैतूल जिले में कल अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती की 500 वी जयंती मनाई।
- खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह आज पन्ना नेशनल पार्क के रमपुरा गेट का शुभारंभ करेंगे।

————————————